## जन सुनवाई में पहुंचे 129 आवेदन, कलेक्टर ने निराकरण के दिए निर्देश

### सबसे ज्यादा राजस्व के पहुंचे मामले, निराकरण के लिये भटकते हैं शिकायतकर्ता

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 16 जून, कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 129 आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये.**



संतोष कुमार गुप्ता निवासी मड़ना के स्वयं की भूमि में अन्य व्यक्तियों द्वारा कराये जा रहे मकान निर्माण कार्य को रोके जाने के आवेदन पर नायब तहसीलदार को परीक्षण कर प्रतिवेदन देने, अमित शुक्ला निवासी मऊगंज के नामांतरण कराये जाने के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को तथा रघुवंश प्रसाद शुक्ला निवासी गंज के खसरे में दर्ज गलत प्रविष्टि को सुधारने के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को परीक्षण के उपरांत कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा दिये गये. मथुरा प्रसाद कुशवाहा निवासी मधवाकला के सीमांकित जमीन का कब्जा दिलाने के आवेदन पर नायब तहसीलदार को, शारदा प्रसाद शर्मा के जमीन में अन्य व्यक्ति द्वारा मकान निर्माण कार्य कराने जाने पर रोक लगाये जाने के आवेदन पर तहसीलदार हनुमना को, रवीन्द्र पटेल द्वारा प्रस्तुत आवेदन में शासकीय कर्मचारी भीम सेन द्वारा कूटरचित तरीके से पट्टा करा लिये जाने के आवेदन पर एसडीएम हनुमना को, छोटेलाल प्रजापति निवासी भमनहना के ग्राम पंचायत में स्वीकृत सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के आवेदन पर जनपद पंचायत नईगढ़ी के सीईओ को, ग्राम पंचायत जुड़मनिया रघुनाथ के आवेदकों के प्रजापति बस्ती में नाली निर्माण कराये जाने के आवेदन पर जनपद सीईओ नईगढ़ी को निर्देशित किया.

## कलेक्टर ने दिव्यांग को दिलाई ट्राई साइकिल

मऊगंज, 16 जून, जिले में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन को एक दिव्यांग ने ट्राई साइकिल प्रदान करने के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने मौके पर ही दिव्यांग को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई. जनसुनवाई में तहसील हनुमना के लोढ़ी गांव के निवासी शिवम कहार पिता शिवबहोर कहार ने अपनी शारीरिक स्थिति एवं आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से कलेक्टर को अवगत कराया. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा पात्रता के आधार पर हितग्राही को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई. ट्राई साइकिल प्राप्त होने पर शिवम कहार एवं उनके परिजनों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है.

## प्रतिदिन लगभग100 ग्राम धूल खाते हैं सीधी रोड हनुमना के रहवासी

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 16 जून, मऊगंज जिले का हनुमना शहर का सीधी रोड इलाका इन दिनों अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है. यहां के लोग सड़क खराब होने से उड़ने वाली धूल के चलते जीवन नर्क सा बन गया है लोग विभिन्न संक्रमित बीमारियों का शिकार हो रहे हैं.**

एक व्यक्ति 50 से 100 ग्राम तक धूल प्रतिदिन खाने को मजबूर है कई बार शासन व प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन शासन प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंगती. उल्लेखनीय है कि हनुमना नगर का सीधी रोड मार्ग सबसे अधिक चालू मार्ग माना जाता है 84 क्षेत्र के लोग इसी मार्ग से हनुमान नगर में पहुंचकर अपनी रोजमर्रा की खरीदारी भी हनुमान नगर से लंबे अरसे से करते चले आ रहे हैं लेकिन एक ओर सड़के खराब है दूसरी और कतिपय दुकानदारों द्वारा दुकाने सड़क तक लगा लेने से आने वाले ग्राहकों को अपने दो पहिया वाहन भी कहीं खड़े करने की गुंजाइश न होने से ऊपर से अगर किसी दुकानदार की दुकान के सामने भले ही वह सड़क पर अपनी साइकिल या मोटरसाइकिल खड़ी किया हो दूसरे दुकान पर धोखे से भी सामान खरीदने चला गया तो दूसरा दुकानदार उसे इस कदर दुत्कारता है.

मानो कितना बड़ा अपराध उसने कर दिया हो यही कारण है कि अधिकांश क्षेत्रवासी हनुमान नगर में आने से भी कतराने लगे. वही जब जब भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाती है महाचंद्र दुकानदारों का दुकान के सामने लगाया गया हल्का-फुल्का तिरपाल, या टीन टापरा हटवा कर आगे बढ़ जाता है प्रशासन वही चंद्र घंटे बाद ही पुन: अतिक्रमणकारियों अपना अतिक्रमण बना लेते हैं आवश्यकता इस बात की है कि ऐसे आक्रमणकारियों के खिलाफ एक बार आक्रमण जिनका हटाया गया.

पुन: अगर वह लगते हैं तो उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाए. स्थानीय लोग परेशान है अतिक्रमण से, शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही हो रही.

## जनकल्याण शिविरों की अधिकारी कर रहे मॉनीटरिंग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 जून, रीवा संभाग के सभी जिलों में 12 जून से 18 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं.**

जनकल्याण शिविरों की मानीटरिंग के लिए संभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है. सभी अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके विकासखण्ड मुख्यालयों तथा नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों की मानीटरिंग कर रहे हैं. संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. पंकज सिंह ने सिंगरौली जिले में दो जनकल्याण शिविरों में शिरकत करके आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी ली. उप संचालक उद्यानिकी अनिल सिंह ने मैहर जिले के ग्राम नौगवां में शामिल होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी. मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय ने रीवा जिले के गंगेव विकासखण्ड में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल होकर आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी ली तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी. अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह ने सतना जिले के रामपुर बघेलान तथा नागौद में जन कल्याण शिविर में शिरकत की. संयुक्त संचालक शिक्षा नीरव दीक्षित ने जनपद कार्यालय सोहावल में आयोजित शिविर तथा सीएल पटेल ने सोहावल एवं रीवा जिले के सिरमौर में आयोजित शिविरों में भाग लिया. रायपुर कर्चुलियान में आयोजित जनकल्याण शिवर में आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी ली.

## सड़क हादसे में नवविवाहिता की दर्दनाक मौत, मोहल्ले में शोक की लहर

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 16 जून, गुढ़ नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 बस स्टैंड के पीछे निवासी शिवम यादव की धर्म पत्नी कविता यादव उम्र 22 वर्ष का आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कविता यादव अपने मायके विरसिहपुर से परिवार के पियुष यादव के साथ मोटर साइकिल में सतना परीक्षा देने के लिए जा रही थीं. इसी दौरान सुबह लगभग 7:30 बजे वे सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई. बताया जा रहा है कि उनके साथ परिवार के ही पीयूष यादव बाइक से उन्हें परीक्षा दिलाने के लिए जा रहे थे. हादसे में पीयूष यादव को भी चोटें आई हैं, हालांकि उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है. इस दुखद घटना से पूरे मोहल्ले और क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है. उनके वैवाहिक जीवन के दो माह पूर्ण होने वाले थे. लेकिन इससे पहले ही यह दुखद हादसा हो गया, जिससे परिजनों और शुभचिंतकों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. क्षेत्र के लोगों ने आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की.

## गुढ़ बस स्टैंड में ऑटो राज बेलगाम, जिम्मेदार अधिकारी मौन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 16 जून, गुढ़ बस स्टैंड में इन दिनों ऑटो चालकों की मनमानी और अव्यवस्था चरम पर पहुंच गई है. कई बार सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद कोई कार्यवाही न होने से स्थिति जस की तस बनी हुई है.**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों द्वारा इस समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है. जब इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों से बात की जाती है तो कोई इसे थाना का कार्य बताता है तो कोई तहसील का. वहीं सवाल यह उठता है कि यदि यह किस विभाग की जिम्मेदारी है तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? चाहे परिवहन विभाग, तहसील प्रशासन हो या गुढ़ थाना, सभी संबंधित विभागों को इस गंभीर समस्या पर ध्यान देना होगा, अन्यथा गुढ़ का यातायात और अधिक जर्जर होता जाएगा. स्थानीय लोगों के अनुसार बस स्टैंड में कुछ कथित दलाल भी सक्रिय हैं, जो ऑटो चालकों से प्रति ऑटो 20 रुपये वसूलते हैं और उन्हें पहले सवारी दिलाने का आश्वासन देते हैं. इसी प्रतिस्पर्धा के चलते कई बार ऑटो चालकों के बीच विवाद और मारपीट की स्थिति भी निर्मित हो जाती है. यह सब यात्रियों और आम नागरिकों के सामने होता है, जिससे भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है. आरोप यह भी है कि कुछ लोग खुलेआम ऑटो में बैठकर नशे का सेवन करते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं. इससे बस स्टैंड की व्यवस्था और कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं. अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक गुढ़ बस स्टैंड में यह 'ऑटो राज' चलता रहेगा और कब तक जिम्मेदार विभाग कार्रवाई से बचते रहेंगे?




## अपराध नियंत्रण को लेकर सड़क पर उतरी पुलिस

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 16 जून, अधीक्षक गुरकरन सिंह के कुशल निर्देशन में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए गुढ़ थाना पुलिस द्वारा सघन रात्रिकालीन गश्त अभियान चलाया जा रहा है. इसी**

तारतम्य में सहायक उप निरीक्षक सुरेश साकेत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुढ़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग की. इस गश्ती दल में प्रधान आरक्षक द्वारिका पटेल, आरक्षक मनोज निनामा और सैनिक गौरी शंकर पांडे मुस्तैदी के साथ शामिल रहे. गश्त के दौरान पुलिस टीम ने नगर के मुख्य चौराहों, संकरी गलियों, सुनसान रास्तों और आसपास के गांवों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. रात बेवजह घूमने वाले संदिग्धों से कड़ी पूछताछ की गई और उन्हें हिदायत देकर घर भेजा गया. पुलिस की इस सक्रियता का उद्देश्य क्षेत्र में चोरी, लूटपाट जैसी अवांछनीय गतिविधियों पर अंकुश लगाना और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है.




## परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह 21 को

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 16 जून, मध्यप्रदेश अग्रहरि वैश्य समाज द्वारा 21 जून रविवार को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम सिरमौर चौराहा रीवा में परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह समारोह, युवक-युवती, विधवा, विकलांग एवं परित्यक्ता महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है.**

कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश अग्रहरि समाज जिला इकाई रीवा के तत्वावधान में किया जाएगा. कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 9 बजे से होगी. इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा. विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय के साथ उनके परिजनों के आपसी संवाद हेतु पृथक बैठक व्यवस्था भी की गई है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे. वहीं राष्ट्रीय अग्रहरि समाज के अध्यक्ष विदुप अग्रहरि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता केदार प्रसाद गुप्त करेंगे.

समारोह में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का अभिनंदन तथा सामूहिक विवाह का आयोजन विशेष आकर्षण रहेगा. समाज द्वारा कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा.

## विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने जनता की सुनी समस्याएं



नवभारत न्यूज

**त्योंथर, 16 जून, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा एनडीए सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा संगठन के निर्देशानुसार त्योंथर विधानसभा मुख्यालय स्थित विश्रामगृह में विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' के नेतृत्व में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया.**

जनकल्याण शिविर में विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. शिविर में क्षेत्रीय जनों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे, जिनके समाधान के लिए मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई. शिविर के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन को प्रदान की गई. साथ ही आयुष्मान भारत योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सूर्य घर योजना, लखपति दीदी योजना सहित अनेक योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके. इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं. उन्होंने कहा कि आज शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है, जिससे आमजन का विश्वास शासन व्यवस्था में और अधिक मजबूत हुआ है. विधायक श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में त्योंथर विधानसभा भी निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है. क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में त्योंथर विधानसभा प्रदेश की अग्रणी विधानसभाओं में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगी. उन्होंने जनकल्याण शिविर के माध्यम से क्षेत्रवासियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प दोहराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष घनश्याम यादव, सावेंद्र शर्मा, वेद प्रकाश मिश्रा, समीर सिंह, एसडीएम सुरभि जैन, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता आशीष बैन, जनपद सीईओ प्रवीण बसोर, एसडीओ आशीष तिवारी मौजूद रहे.

## विधायक ने लोगों की समस्या सुन कराया निराकरण

नवभारत न्यूज

**मनगवां, 16 जून, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में केन्द्र एवं प्रदेश की जन हितकारी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों एवं लाभार्थियों की समस्याओं के समाधान एवं निराकरण के लिये गंगेव जनपद पंचायत परिसर में शिविर लगाया गया.**




विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित समस्याओं के प्रत्येक लाभार्थियों की बातों को सुन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को समस्या समाधान एवं निराकरण हेतु ग्राउण्ड जीरो से ही निर्देशित कर समस्याओं का समाधान एवं निराकरण करवाया. जनसमस्या निवारण शिविर में प्रत्येक दिन लगभग 100 से अधिक आवेदन स्वीकार करते हुए सभी समस्याओं का समाधान एवं निराकरण किया गया. जनसमस्या निवारण शिविर में शासन की मंशानुरूप केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि,जल गंगा संवर्धन योजना,, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी योजना, विद्युत विभाग के, राजस्व विभाग के, शिक्षा विभाग के, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग सहित सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में शिविर में आवेदित सभी प्रकरणों का यथा उचित समाधान किया गया. शिविर में मंडल अध्यक्ष अरुणेन्द्र मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव विकास तिवारी, गणेश सिंह, रमेश मिश्रा, लवकुश गुप्ता, जगजीवनलाल तिवारी, श्रीमती प्रियंका तिवारी मौजूद रही.

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तवीरों का किया गया सम्मान

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 16 जून, विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं प्रजापिता ब्राम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.**



समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों एवं धर्मों से जुड़े रक्तवीरों का सम्मान किया गया, जिन्होंने अगस्त 2025 में आयोजित रक्तदान महादान अभियान में सहभागिता कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया था. इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है.

पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र जैन ने रक्तदान को सामाजिक एकता और संवेदनशीलता का प्रतीक बताया. कार्यक्रम में ब्राम्हाकुमारी सेवा केंद्र की प्रभारी बीके लता दीदी ने रक्तदान को जीवनदान बताते हुए समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया.

समारोह में रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाले अनेक रक्तदाताओं को सम्मान पट्ट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. सम्मानित रक्तदाताओं में रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन एवं राजेंद्र पयासी, विजय जयसवाल, टी.एन. मिश्रा, विपिन पांडे, प्रमोद साकेत, सुखवंत मिश्रा, संतोष मीणा, सहित अनेक रक्तदाता शामिल रहे. इस अवसर पर अपर कलेक्टर मौजूद रहे.

## त्योंथर जेल में हुआ योग शिविर

रीवा, 16 जून, प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है. योग दिवस के अवसर पर योगा सप्ताह मनाया जा रहा है. जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति त्योंथर वैभव सक्सेना के मार्गदर्शन में सब जेल त्योंथर में योग शिविर का आयोजन किया गया. योग शिविर में प्रशिक्षित योग शिक्षक अच्छेलाल सिंह द्वारा उपस्थित बंदीगण को योगासन की सभी मुद्राओं का अभ्यास कराते हुए योग से होने वाले लाभों के बारे में चर्चा की गई. जेल अधीक्षक शांतिभूषण सिंह द्वारा योग विषय पर चर्चा करते हुए योग की सलाह दी.